**मनमानी** कार्रवाई और रोक नहीं लगाए जाने से जिम्मेदारों की भूमिका संदिग्ध, ग्रामीणों ने की उच्चस्तरीय जांच की मांग

# जंगल से काटे जा रहे वर्षों पुराने सागौन के पेड़





**नवभारत, ढीमरखेड़ा।** जिले में पर्यावरण संरक्षण के बड़े-बड़े दावों के बीच कटनी जिले की ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम कटारिया हल्का नंबर 66 से रोंगटे खड़े कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां नदी से सटी खसरा नंबर 176 की बेशकीमती सरकारी भूमि पर लगे सैकड़ों वर्ष पुराने सागौन के पेड़ों को भू-माफिया, पटवारी और सरपंच की कथित मिलीभगत से कागज पर गायब कर काट डाला गया।

हैरान करने वाली बात यह है कि जिस भूमि पर साल 2023 और 2024 के रिकॉर्ड में सागौन के वृक्ष दर्ज ही नहीं दिखाए गए, वहां साल 2026 में अचानक सैकड़ों वर्ष पुराने विशालकाय सागौन के पेड़ों को धराशायी कर दिया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार खसरा नंबर 176 पूर्णत: सरकारी भूमि है। इसी भूमि से होकर कटारिया से कोड़ो मार्ग भी गुजरता है। इस सरकारी रास्ते और भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने की नीयत से एक सोची-समझी साजिश रची गई।

सरकारी जमीन खसरा नंबर 176 पर खड़े इन ऐतिहासिक सागौन के पेड़ों को बचाने के बजाय, इन्हें निजी खसरा नंबर 27 की भूमि पर बताकर अनैतिक रूप से आरा चलवा दिया गया। यह पूरी भूमि नदी से बिल्कुल सटी हुई है, जिससे इसका पर्यावरणीय महत्व बेहद संवेदनशील है। पेड़ों की कटाई से न सिर्फ पर्यावरण को अपूरणीय क्षति हुई है, बल्कि कटारिया से कोड़ो मार्ग को भी पूरी तरह प्रभावित कर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच तारा बाई हीरा झरिया और क्षेत्रीय राजस्व पटवारी की मिलीभगत से इस बेशकीमती सरकारी भूमि को कूटरचित तरीके से व्यक्तिगत नाम पर ट्रांसफर खेल खेला गया है।

इतने बड़े पैमाने पर सागौन के पेड़ों की कटाई और सरकारी जमीन की हेराफेरी के बावजूद स्थानीय वन विभाग और राजस्व अमला पूरी तरह आंखें मूंदे बैठा है। ग्रामीणों का कहना है कि बिना वन विभाग और राजस्व अधिकारियों की मूक सहमति के इतने बड़े पेड़ों को काटना और परिवहन करना नामुमकिन है। जिम्मेदारों की यह अनदेखी उनकी भूमिकों को संदेह के घेरे में ला दिया है।

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। तस्वीरों और पुराने रिकॉर्ड्स की जांच कर दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए और सरकारी भूमि को तत्काल मुक्त कराई जाए।



## विकास कार्यों की सराहना, नए निर्माण भी किए स्वीकृत

**कैमोर में जनकल्याण शिविर में दिया योजनाओं का लाभ**

**नवभारत, कटनी।** नगर परिषद कैमोर द्वारा मप्र शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत जीरो वेस्ट थीम पर जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि की हैसियत से सांसद वीडी शर्मा और विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक मौजूद रहे। जनकल्याण शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों को स्वीकृत राशि के चेक और प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। शिविर के बाद सांसद विष्णुदत्त शर्मा और विधायक संजय पाठक ने नगर के जनप्रतिनिधियों, नगर परिषद के अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर में पूर्व से संचालित विकास कार्यों की सराहना करते हुए उनके गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया गया। विधायक द्वारा नगर के समग्र विकास के लिए 32 निर्माण कार्यों के लिए लगभग 5.50 करोड़ रुपए की स्वीकृति किए जाने की जानकारी दी गई। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर, उपाध्यक्ष संतोष केवट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते, स्वच्छता निरीक्षक पीआर सिंह, उपयंत्री हिमांशु गौतम, पार्षद, जनप्रतिनिधि, परिषद अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### एक नजर में

## अधिवक्ता को मिली धमकी

**कटनी।** अनजान व्यक्ति के द्वारा कटनी निवासी अधिवक्ता सुजीत द्विवेदी के साथ अभदद भाषा के साथ धमकी दिये जाने का मामला प्रकाश में आया हैं। जिसकी शिकायत अधिवक्ता ने पुलिस अधिक्षक से की एवं उचित कार्यवाही की मांग की शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया कि 9 जून को अधिवक्ता को अनजान नं. से फोन आया फोन पर ही अभदद भाषा का प्रयोग करने लगा शिकायत में आगे यह बतलाया गया कि यह मामला सिंध मेडिकल स्टोर जिला उमरिया से जुडा हुआ है एवं कटनी के किसी मेडिकल स्टोर के केस से जुड़ा हुआ है। ऐसी जानकारी सूत्रों से मिल रही है। मामला अधिवक्ता से जुड़ा होने के कारण पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी है। जांच में कुछ लोगों के नाम जल्द ही सामने आयेगे। आगे शिकायत में यह भी बतलाया गया हैं कि अधिवक्ता को अपने काम के सिलसिले में जिला उमरिया आना जाना पडता हैं । ऐसा न हो कोई गंभीर घटना कारीत न हो जाए उचित कार्यवाही का निवेदन किया गया हैं।

## गलत तरीके से नक्शे का संशोधन, एसडीएम करेंगे जांच

**कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्या, निराकरण के निर्देश**



**नवभारत, कटनी।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर आशीष तिवारी ने 150 नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम टोला, तहसील ढीमरखेड़ा निवासी दिव्यांग नन्दकिशोर चौधरी ने विकलांग पेंशन स्वीकृत कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। जिस पर कलेक्टर ने सामाजिक न्याय विभाग को पात्रतानुसार पेंशन योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। ग्राम मुहास, तहसील विजयराघवगढ़ निवासी दिलीप कुमार गर्ग ने राजस्व पखवाड़े के दौरान काटे गए नक्शे को निरस्त करने की मांग करते हुए बताया कि बिना समुचित जांच और मौके की स्थिति स्पष्ट किए गलत तरीके से नक्शा संशोधित कर दिया गया है। इस मामले में एसडीएम विजयराघवगढ़ को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जबकि एक अन्य प्रकरण में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी जाकिर खान ने सेवा निवृत्ति के बाद भी विभिन्न देयकों का भुगतान नहीं होने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को भुगतान करने कहा है।

## शांतिपूर्ण, गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाए पर्व

**थाना परिसर में आयोजित की गई शांति समिति की बैठक**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी थाना परिसर में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, धर्मगुरुओं, शांति समिति के सदस्यों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की। मंगलवार को रीठी थाना परिसर में आयोजित शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया, जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नागेंद्र सिंह, कनिष्ठ अभियंता विमल चंद्र मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान मोहर्रम पर्व पर निकलने वाले ताजिया जुलूस की व्यवस्थाओं, यातायात नियंत्रण, सुरक्षा प्रबंध, साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता और विद्युत व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आपदा प्रबंधन और आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों से आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द और शांति बनाए रखने के लिए कहा। लोगों से कहा गया कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि या कानून-व्यवस्था से जुड़ी जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन तक पहुंचाने के लिए कहा गया है। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में मौजूद नागरिकों, धर्मगुरुओं और शांति समिति के सदस्यों ने भी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, गरिमामय और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने कहा है।

## शिविर में दी गई योजनाओं की जानकारी, हितग्राहियों को मिला का लाभ

**जनकल्याण शिविर में हितग्राहियों को दिए प्रमाण पत्र**



**नवभारत, रीठी।** राज्य और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से रीठी में आयोजित तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया गया समापन अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्यामाबाई ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित किए। शिविर के दौरान वृद्धावस्था पेंशन योजना आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आवास योजना सहित कई जनहितकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र पात्र हितग्राहियों को प्रदान किए गए। साथ ही लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, विद्युत, पंचायत, राजस्व महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया गया। समापन समारोह में रीठी जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश नागेंद्र, तहसीलदार आकांक्षा चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी ने शिविर को जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई। जन कल्याण शिविर के माध्यम से न सिर्फ हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला, बल्कि उनकी समस्याओं के तत्काल समाधान की दिशा में भी प्रभावी प्रयास किए गए।

## ताश पत्तों से हारजीत का दांव लगाते सात गिरफ्तार

**माधवनगर थाना क्षेत्र के ठरका डेप के पास की गई कार्रवाई**

**नवभारत,कटनी।** माधवनगर थाना अंतर्गत ठरका डेम के पास से पुलिस ने तासपत्तों से हारजीत का दांव लगाते हुए सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ठरका डेम के पास जुंगल में तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे हैं। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गई और तासपत्तों से हारजीत का दांव लगा रहे सात जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों से नकदी, मोटर साइकिल सहित मोबाइल जब्त किए गए हैं। जब्त करीब 1 लाख 43 हजार रूपए बताई जा रही है। तासपत्ते से हारजीत का दांव लगाते हुए जिन्हें पकड़ा गया है उनमें एनकेजे थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी सुनील चतुर्वेदी, माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी राकेश निषाद, सिंघनपुरी निवासी पिंटू यादव, सिंघनपुरी निवासी शेश शाहिद, एनकेजे थाना क्षेत्र के सिमरा गांव निवासी राजेश कुशवाहा, देवरी हटाई निवासी रहीश, देवरी हटाई निवासी विजय राय सहित देवरी हटाई निवासी कमल नामदेव का नाम शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और फड़ से 8,400 रुप नगद, 52 ताश के पत्ते बरामद किए। इसके अलावा, जुआरियों के पास से 4 एंड्रॉयड व कीपैड मोबाइल जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए मोबाइलों की अनुमानित कीमत 35 हजार रूपए आंकी गई है। मौके से पुलिस टीम ने दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की हैं। माधवनगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध गतिविधियों नहीं होने दी जाएंगी।

## रक्तदान से मिलता है जरूरतमंदों को नया जीवन

**मिलन डोनर ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया रक्तदान**




**नवभारत,कटनी।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था मिलन ब्लड डोनर ग्रुप कटनी द्वारा रक्तदान के प्रति जनजागरूकता का संदेश देते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने के लिए कहा गया।

संस्था के सदस्यों ने कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बनता है। एक यूनिट रक्त किसी गंभीर मरीज, दुर्घटना पीड़ित, थैलेसीमिया मरीज या ऑपरेशन के दौरान जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचा सकता है। संस्था के सदस्यों ने कहा कि जीते जी जिंदगी में रक्तदान जरूर करें, क्योंकि आपके द्वारा किया गया एक छोटा सा प्रयास किसी परिवार की खुशियां लौटाने का कारण बन सकता है।

मिलन ब्लड डोनर ग्रुप वर्षों से जिले में जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रहा है। संस्था के सदस्य दिन-रात रक्त की आवश्यकता होने पर सक्रिय होकर मरीजों की सहायता करते हैं। यही कारण है कि यह समूह जिले में मानव सेवा और रक्तदान के क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बन गया है।

## राज्यसभा सांसद ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर उठाई महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग

**कटनी स्टेशन में ट्रेनों के ठहराव के लिए सक्रिय हुए सांसद**



**नवभारत, कटनी।** व्यापार और खनन गतिविधियों के प्रमुख केंद्र के रूप में पहचान रखने वाला कटनी जिला रेलवे नेटवर्क के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। लंबे समय से विभिन्न ट्रेनों के कटनी स्टेशन पर ठहराव की मांग उठती रही है। अब इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर कई ट्रेनों के कटनी स्टेशन पर ठहराव की मांग की है। दिव्यांशु मिश्रा अंशु के आग्रह पर सांसद विवेक तनखा ने पत्र के माध्यम से कटनी से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता बताई। इनमें राजेंद्र नगर-कुर्ला एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस-आजमगढ़ एक्सप्रेस, लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो सुपरफास्ट एक्सप्रेस तथा अमृत भारत अयोध्या एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें शामिल हैं। पत्र में पुणे मार्ग की समस्या का भी उल्लेख किया गया है। वर्तमान में कटनी से पुणे के लिए सीमित रेल सुविधा उपलब्ध है, जिसके कारण यात्रियों को आरक्षण में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसे देखते हुए इस मार्ग पर नई ट्रेन शुरू करने की मांग की गई है। साथ ही विकल्प के तौर पर शहडोल-नागपुर एक्सप्रेस को पुणे तक विस्तारित करने का सुझाव भी दिया गया है। सांसद विवेक तनखा ने अपने पत्र में कहा कि कटनी मुड़वारा और साउथ स्टेशन के संचालन शुरू होने से मुख्य स्टेशन पर यातायात का दबाव पहले की तुलना में कम हुआ है। ऐसे में अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव से रेलवे के राजस्व में वृद्धि होगी और कटनी सहित आसपास के जिलों के यात्रियों को भी बड़ी राहत मिलेगी। स्थानीय समाजसेवी कमल मोहनी द्वारा पूर्व में उठाए गए इस मुद्दे पर केंद्र सरकार ने भी संकेत दिए थे कि संबंधित ट्रेनों के ठहराव का प्रस्ताव रेल मंत्रालय को भेजा गया है। राज्यसभा सांसद विवेक तनखा ने आश्वासन दिया है कि वे इस मांग को राज्यसभा में भी प्रभावी ढंग से उठाएंगे, ताकि जल्द राहत मिल सके।

**समीक्षा** नगर निगम आयुक्त ने समय-सीमा की बैठक में की समीक्षा, निर्माण कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश

# तेजी से कराएं रेस्टोरेशन, प्रतिदिन के कार्य की भेजें फोटो, खुले नालों को ढकवाएं



**नवभारत, कटनी।** नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने आयोजित समय सीमा की बैठक के दौरान नगर निगम के विभिन्न विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में विभागवार कार्यों, शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति, जनहित से जुड़े मुद्दों, पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई। बैठक में निगमायुक्त ने सीएम हेल्पलाइन की विभिन्न शाखाओं की लंबित 50 और 100 दिवस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने महापौर जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शिकायतों के तत्काल निराकरण करने पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर निगम की राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने निर्देशित किया कि बेहतर राजस्व वसूली के लिए अभी से ही बड़े बकाएदारों से संपर्क करने, दुकान किराया राशि समय पर निगम कोष में जमा कराने सार्थक प्रयास किए जाएं। नामांतरण के प्रकरणों को ऑनलाइन करने के साथ ही वसूली कार्य में संलग्न वार्ड प्रभारियों के व्यक्तिगत प्रदर्शन का भी समय समय पर मूल्यांकन करने के निर्देश निगमायुक्त ने दिए। अमृत योजना के तहत नगर में चल रहे पाइपलाइन विस्तार और सीवर के कार्यो की प्रगति की समीक्षा के दौरान उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने जानकारी दी की अमृत-1 के तहत सागर पुलिया का रेस्टोरेशन कार्य 3 दिन में पूरा कर लिया जाएगा। जिस पर निगमायुक्त ने नगर के अन्य स्थानों पर चल रहे कार्यों के रेस्टोरेशन कार्य में गति लाने, प्रतिदिन की प्रगति की फोटोग्राफी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नें नाले नालियों और खतरनाक स्थलों का निरीक्षण कर वर्षा पूर्व ढकवाने की कार्रवाई करने, सड़कों के गढडों का पेंचवर्क बारिश के पहले कराने, जगन्नाथ चौक से घंटाघर मार्ग के शेष कार्य में आ रही समस्याओं का निराकरण कराने के साथ ही ऐसे प्रकरण जिनमें जिनमें निविदा और दर स्वीकृति की कार्रवाई हो गई है, लेकिन अभी तक प्रारंभ नही किए गए है उनपर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। निगमायुक्त ने होटल, स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित नियमानुसार अन्य संस्थानों में फायर सेफ्टी के प्रावधानों की जांच प्रक्रिया में प्रगति लाने, नगर में संचालित अन्य अवैध मैरिज गार्डन को सील करने, अनुज्ञा विपरीत निर्माण कार्यों की जांच कर कंपाउंडिंग की कार्रवाई प्रस्तावित करने, जन सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर भवनों के प्रकरणों पर कार्रवाई करने, न्यायालयीन और आयोग के पत्रों, सीएम मॉनिट, सीएम हाउस, लोकायुक्त के प्रकरणों पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

## कौशल आधारित शिक्षा से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा

**आईटीआई प्रशिक्षण से मिलेंगे रोजगार के अवसर**




**नवभारत, उमरियापान।** जिले की ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत में आयोजित जन कल्याण शिविर युवाओं के लिए विकास और रोजगार का केन्द्र बनकर उभरा। शिविर में युवाओं को कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान युवाओं को बताया गया कि शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विशेषज्ञों ने कहा कि कौशल आधारित शिक्षा वर्तमान समय की आवश्यकता है, जिससे युवा आत्मनिर्भर बन सकें और बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें। विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। आईटीआई और कौशल विकास योजनाओं के माध्यम से युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण देकर उन्हें उद्योगों और अन्य क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान करने की प्रक्रिया समझाई गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और काफी संख्या में युवाओं की उपस्थित रहे।